# 11 राजस्थान के त्योहार व मेले

1. **विक्रम संवत् के अनुसार एक वर्ष में आने वाले निम्नलिखित त्योहारों को क्रम से (प्रारम्भ से अंत) जमायें– गणेश चतुर्थी/दीपावली/कृष्ण जन्माष्टमी/गणगौर**
(1) गणगौर, गणेश चतुर्थी, दीपावली, कृष्ण जन्माष्टमी
(2) गणगौर, दीपावली, गणेश चतुर्थी, कृष्ण जन्माष्टमी
(3) गणगौर, दीपावली, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी
(4) गणगौर, कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, दीपावली (4)

**व्याख्या–** गणगौर (चैत्र शुक्ल तृतीया), कृष्ण जन्माष्टमी (भाद्रपद कृष्ण अष्टमी), गणेश चतुर्थी (भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी), दीपावली (कार्तिक अमावस्या)

2. **राजस्थान में 'घुड़ला त्योहार' कब मनाया जाता है?**
(1) चैत्र कृष्ण एकम (2) चैत्र शुक्ला अष्टमी
(3) वैशाख कृष्ण एकम (4) चैत्र कृष्णा अष्टमी (4)

**व्याख्या–** घुड़ला त्योहार चैत्र कृष्णा अष्टमी से चैत्र शुक्ला तृतीया तक मनाया जाता है। इस दिन महिलाएँ गीत गाती हुई कुम्हार के घर जाकर छिद्र किए हुए घड़े में दीपक जलाकर गीत गाती हुई आती है। चैत्र शुक्ला तृतीया को इन घड़ों को पानी में बहा दिया जाता है।

3. **सत्य कथन छांटिये –**
(क) हाड़ौती का सबसे बड़ा मेला– सीताबाड़ी (बारां)
(ख) जैनियों का सबसे बड़ा मेला– नाकोड़ा (बालोतरा)
(ग) आदिवासियों का सबसे बड़ा मेला– बेणेश्वर (डूँगरपुर)
(घ) सबसे रंगीला मेला– रामदेवजी का मेला (जैसलमेर)
(ड़) विश्नोईयों का सबसे बड़ा मेला– पीपासर (नागौर)
(1) ख, घ, ड़ (2) क, ग
(3) क, ग, घ (4) क, ख, ग, घ (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में जैनियों का सबसे बड़ा मेला महावीर जी मेला (करौली) है। राजस्थान का सबसे रंगीन मेला पुष्कर मेला (अजमेर) है। विश्नोईयों का सबसे बड़ा मेला मुकाम (बीकानेर) है।

4. **निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है?**
(1) मातृकुण्डिया मेला – वैशाख पूर्णिमा
(2) घोटिया अम्बा मेला – चैत्र अमावस्या
(3) सीतामाता मेला – ज्येष्ठ अमावस्या
(4) कपिलधारा मेला – वैशाख पूर्णिमा (4)

**व्याख्या–** कपिलधारा मेला कार्तिक पुर्णिमा को लगता है।

5. **गोगा नवमी कहा जाता है?**
(1) भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की नवमी को
(2) श्रावण के कृष्ण पक्ष की नवमी को
(3) भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की नवमी को
(4) श्रावण के शुक्ल पक्ष की नवमी को (1)

6. **चालीहा महोत्सव किस समाज द्वारा मनाया जाता है?**
(1) सिक्ख समाज (2) सिंधी समाज
(3) मुस्लिम समाज (4) जैन समाज (2)

**व्याख्या–** सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष 16 जुलाई से 24 अगस्त तक इसे मनाया जाता है।

7. **गुरू गोविंद सिंह जयन्ती कब मनाई जाती है?**
(1) माघ शुक्ल सप्तमी (2) माघ कृष्णा सप्तमी
(3) पौष शुक्ल सप्तमी (4) पौष कृष्णा सप्तमी (3)

8. **राजस्थान सरकार द्वारा किस दिन 'गार्गी पुरस्कार' का वितरण किया जाता है?**
(1) तेजादशमी (2) महाशिवरात्रि
(3) बसन्त पंचमी (4) विजयदशमी (3)

9. **कृष्ण जन्माष्टमी आती है–**
(1) भाद्रपद शुक्ला अष्टमी (2) भाद्रपद कृष्णा अष्टमी
(3) श्रावण कृष्णा अष्टमी (4) माघ कृष्णा अष्टमी (2)

10. **कजली तीज, जिसे 'सातुड़ी तीज' भी कहते हैं, किस माह में मनाई जाती है?**
(1) भाद्रपद (2) चैत्र
(3) पौष (4) सावन (1)

**व्याख्या–** कजली तीज मेला व सवारी बूंदी की प्रसिद्ध है। बूंदी में इस दिन तीज का जुलूस नवलसागर से प्रारम्भ होकर कुम्भा स्टेडियम पर समाप्त होता है। कजली तीज **भाद्रपद कृष्णा तृत्तीया** को आती है।

11. **निम्न मे से असुमेलित युग्म को छांटिए–**
स्थान – उत्सव
(1) महावीरजी – लट्ठमार होली
(2) भिनाय – कोड़ामार होली
(3) सांगोद – अंगारों की होली
(4) बाड़मेर – पत्थर मार होली (3)

**व्याख्या–** अंगारो की होली केकड़ी में खेली जाती है। कोटा के सांगोद में 'न्हाण' की सवारी निकलती है।

12. **जैन समुदाय द्वारा पर्यूषण पर्व किस माह में मनाया जाता है?**
(1) भाद्र मास (2) चैत्र मास
(3) आश्विन मास (4) वैशाख मास (1)

**व्याख्या–**यह पर्यूषण पर्व श्वेतांबर सम्प्रदाय में भाद्रपद कृष्ण द्वादशी से भाद्रपद शुक्ल पंचमी तक मनाया जाता है तथा दिगम्बर सम्प्रदाय में भाद्रपद शुक्ल पंचमी से भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी तक मनाया जाता है।

13. **'घुड़ला' त्योहार किस मारवाड़ शासक की याद में मनाया जाता है?**
(1) राव जोधा (2) राव सातल
(3) राव सीहा (4) राव बीका (2)

14. करवा चौथ का व्रत मनाया जाता है–
(1) कार्तिक शुक्ल चतुर्थी (2) भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी
(3) कार्तिक कृष्णा चतुर्थी (4) भाद्रपद कृष्ण चतुर्थी (3)

15. बुद्ध पूर्णिमा किस तिथि को आती है?
(1) चैत्र पूर्णिमा (2) वैशाख पूर्णिमा
(3) श्रावण पूर्णिमा (4) आषाढ़ पूर्णिमा (2)

व्याख्या– महात्मा बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति तथा मोक्ष की प्राप्ति इसी तिथि के दिन हुई थी। कुछ स्थानों पर वैशाख पूर्णिमा को 'पीपल पूर्णिमा' के रूप में भी मनाते हैं।

16. जोधपुर में धींगा गवर बेंतमार मेला कब भरता है?
(1) वैशाख कृष्ण तृतीया (2) चैत्र शुक्ल तृतीया
(3) चैत्र कृष्ण तृतीया (4) आषाढ़ कृष्ण तृतीया (1)

17. राजस्थान में सर्वाधिक बाल विवाह किस तिथि को होते हैं?
(1) अक्षय तृतीया (2) छोटी तीज
(3) धुलण्डी (4) रामनवमी (1)

व्याख्या– अक्षय तृतीया के दिन राजस्थान में सर्वाधिक बाल विवाह होते है। इस दिन अबूझ सावा होता है।

18. निम्न में से कौनसा मेला चैत्र कृष्ण अष्टमी को भरता है?
(1) केसरियानाथ जी मेला (धुलैव)
(2) गौमती सागर मेला (झालरापाटन)
(3) डिग्गीपुरी का मेला (टोंक)
(4) कपिलधारा मेला (बारां) (1)

19. किस तिथि के दिन शीतला माता का पूजन होता है तथा ठण्डा भोजन खाते हैं?
(1) चैत्र शुक्ल तृतीया (2) ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी
(3) चैत्र कृष्ण अष्टमी (4) भाद्रपद कृष्ण अष्टमी (3)

20. 'पीपल पूर्णिमा' किस तिथि को होती है?
(1) ज्येष्ठ पूर्णिमा (2) वैशाख पूर्णिमा
(3) श्रावण पूर्णिमा (4) आश्विन पूर्णिमा (1)

व्याख्या– ज्येष्ठ पूर्णिमा को राजस्थान के अधिकांश स्थानों पर पीपल पूर्णिमा के रूप में मनायी जाती है, लेकिन कुछ स्थानों पर वैशाख पूर्णिमा को भी 'पीपल पूर्णिमा' के रूप में मनाते हैं। प्रश्न में दोनों विकल्प होने पर ज्येष्ठ पूर्णिमा ज्यादा सही उत्तर होगा।

21. निम्न में से कौनसा त्योहार ईसा मसीह के जन्मदिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है?
(1) गुड फ्राईडे (2) ईस्टर
(3) क्रिसमस (4) असेन्सन डे (3)

22. किस तिथि को 'रक्षाबन्धन' मनाया जाता है?
(1) श्रावण शुक्ल पंचमी (2) श्रावण अमावस्या
(3) श्रावण पूर्णिमा (4) ज्येष्ठ पूर्णिमा (3)

23. 'सांझी' पूजन की अवधि है?
(1) श्रावण पूर्णिमा से भाद्रपद अमावस्या
(2) भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या
(3) आश्विन पूर्णिमा से कार्तिक अमावस्या
(4) कार्तिक पूर्णिमा से मार्गशीर्ष अमावस्या (2)

24. मुसलमानों का कौनसा त्योहार कुर्बानी का त्योहार है?
(1) ईद-उल-जुहा (2) ईद-उल-फितर
(3) ईद-उल-मिलादुलनबी (4) शब-ए-बारात (1)

25. शाहपुरा में प्रतिवर्ष चैत्र कृष्णा प्रतिपदा से चैत्र कृष्णा 5 तक मनाया जाने वाला फूलडोल महोत्सव किस सम्प्रदाय से संबधित है–
(1) निरंजनी सम्प्रदाय (2) चरणदासी सम्प्रदाय
(3) दादु पंथी (4) रामस्नेही सम्प्रदाय (4)

26. 'आदिवासियों का कुंभ' कहा जाने वाले 'बेणेश्वर मेला' कब भरता है?
(1) कार्तिक पूर्णिमा (2) माघ पूर्णिमा
(3) वैशाख पूर्णिमा (4) फाल्गुन पूर्णिमा (2)

27. किस त्योहार पर ब्यावर शहर में बादशाह का मेला तथा शाहपुरा में फूलडोल महोत्सव का आयोजन किया जाता है ?
(1) घुड़ला (2) शिवरात्रि
(3) धुलण्डी (4) बसंत पंचमी (3)

28. बारां के केलवाड़ा में सीताबाड़ी का मेला कब भरता है–
(1) ज्येष्ठ पूर्णिमा (2) ज्येष्ठ अमावस्या
(3) वैशाख पूर्णिमा (4) चैत्र अमावस्या (2)

व्याख्या– सीताबाड़ी मेला, सीताबाड़ी (केलवाड़ा,बारां) में ज्येष्ठ अमावस्या को भरता है। यह हाड़ौती क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला है।

29. राजस्थान के किस शहर में अन्तराष्ट्रीय स्तर का 'लिट्रेचर फेस्टीवल' का आयोजन किया जाता है?
(1) बीकानेर (2) उदयपुर
(3) जोधपुर (4) जयपुर (4)


30. कार्तिक महीने में चन्द्रभागा पशु मेला राजस्थान में किस स्थान पर आयोजित होता है?
(1) झालावाड़ (2) झालरापाटन
(3) केशवरायपाटन (4) सीताबाड़ी (2)


व्याख्या– कार्तिक पूर्णिमा को चन्द्रभागा मेला झालरापाटन (झालावाड़) में आयोजित होता है।

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।